दिन–शनिवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 10 / 08 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।　　　　　　　　　　　अवधिः– 05 मिनट

केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने लिम्फैटिक फाइलेरिया के उन्मूलन के लिए आज नई दिल्ली में दवाई पिलाने के द्विवार्षिक राष्ट्रव्यापी अभियान के दूसरे चरण का वर्चुअल शुभारंभ किया। इधर, बिहार समेत छह राज्यों में आज से फाईलेरिया यानि हाथीपांव मुक्त अभियान शुरू हो गया है। केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से चलाया जाने वाला यह अभियान दो हफ्तों तक प्रदेश के तेरह जिलों में शुरू किया जाएगा। अभियान के तहत स्वास्थ्य कर्मी घर–घर जाकर लोगों को फाईलेरिया से बचाव की दवा निःशुल्क उपलब्ध करायेंगे।

———————————————————————————

राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने लोगों से हर घर तिरंगा अभियान से जुड़ने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि इससे लोगों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के प्रति जागरूकता के साथ–साथ सम्मान का भाव बढ़ेगा और उनके हृदय में देशभक्ति की भावना बढ़ेगी, इससे भारत की एकता और अखंडता मजबूत होगी।

———————————————————————————

राज्य सरकार ने प्रदेश के सभी जिलों में बीस सूत्री समिति का गठन कर दिया है। राज्य मंत्रिमंडल सचिवालय की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार जिलों के प्रभारी मंत्री इन समितियों के अध्यक्ष बनाए गये हैं। वहीं, एनडीए सरकार में शामिल भाजपा और जदयू समेत सहयोगी दलों हम और लोजपा, आर के जिलाध्यक्षों को समिति का उपाध्यक्ष बनाया गया है। जिला स्तरीय कार्यक्रम कार्यान्वयन के लिए हर जिला समिति में एक अध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष समेत पच्चीस सदस्य मनोनित किये गये हैं। संबंधित जिले के लोकसभा और राज्यसभा के सांसद, विधायक, विधान पार्षद, जिला परिषद के अध्यक्ष तथा नगर निगम के महापौर समिति के पदेन सदस्य होंगे।

———————————————————————————

गोपालगंज जिले के बलथरी चेक पोस्ट पर पुलिस ने संदिग्ध पदार्थ के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने बताया कि गिरफ्तार तस्करों में दो गोपालगंज जिले और एक उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। तस्करों द्वारा इसे बहुमूल्य रेडियो एक्टिव पदार्थ बताया गया है। जिसकी अनुमानित

कीमत आठ सौ पचास करोड़ रूपये है। हालांकि स्थानीय पुलिस की ओर से इस बात की पुष्टि नहीं की गयी है।

———————————————————————————

मानसून की सक्रियता से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में रूक—रूक कर बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान औरंगाबाद के बारूण में सबसे अधिक नब्बे दशमलव चार मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। वहीं, किशनगंज के ठाकुरगंज में नवासी दशमलव चार और नवादा के रजौली में चौहत्तर दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी है। इसके अलावा कई अन्य जगहों पर सत्तर से पचास मिलीमीटर तक बारिश हुई है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान कैमूर, रोहतास, किशनगंज, अररिया, पूर्णियां, बांका, खगड़िया, बेगूसराय, समस्तीपुर और मुजुफ्फरपुर जिलों के एक या दो स्थानों पर भारी बारिश की आशंका है। वहीं, राज्य के उत्तर—मध्य, उत्तर—पूर्व, दक्षिण—पश्चिम और दक्षिण—पूर्व भागों के एक दो स्थानों पर मेघगर्जन और वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है।

———————————————————————————

सीतामढ़ी जिले के रीगा थाना क्षेत्र के उसरिया गांव में पोखर में स्नान करने के दौरान डूबने से दो बच्चे की मौत हो गई।

———————————————————————————

बेगूसराय जिले के बछवाड़ा थाना क्षेत्र के वार्ड संख्या बारह में अपराधियों ने एक ही परिवार के तीन सदस्यों की निर्मम हत्या कर दी। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

———————————————————————————

शेखपुरा जिला के बरबीघा नगर क्षेत्र अंतर्गत मिशन थाना के थानेदार बालमुकुंद राय की देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बरबीघा थाना परिसर स्थित एक कमरे में उनका मृत शरीर पाया गया। मृतक थानेदार भागलपुर जिले के अमरपुर गांव के निवासी थे।

———————————————————————————

खगड़िया जिले में सिपाही भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थियों को झांसा देकर फर्जीवाड़ा और ठगी के मामले में परवत्ता थाना क्षेत्र की पुलिस ने सात लोगों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।